Seat No. : _______________

TH-106-H

B.A. Sem.-I
May-2013

Psychology (Core-102)

(Psychology & Effective Behaviour-I)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

Hindi Version

सूचना : (१) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।
(२) दायीं ओर के अंक प्रश्नों के गुण दर्शाते हैं ।

१. (अ) विफलता की परिभाषा दीजिये । हमारी संस्कृति की सामान्य विफलताओं के रूप में नुकसान, असफलता और अर्थ शून्यता को समझाइये । ७

अथवा

संघर्ष के प्रकारों का वर्णन कीजिये ।

(ब) मनोभार की कठोरता को प्रभावित करने वाले परिबल के रूप में व्यक्ति के लक्षणों को समझाइये । ७

अथवा

"मनोभार के पैटर्न विशिष्ट होते हैं ।" विधान समझाइये ।

२. (अ) कुछ व्यक्ति विवाह किस लिए नहीं करते हैं ? समझाइये । ७

अथवा

जीवनसाथी की पसंदगी को प्रभावित करनेवाले परिबलों की चर्चा कीजिये ।

(ब) वैवाहिक शैलियों का वर्णन कीजिये । ७

अथवा

अच्छे वैवाहिक समायोजन को प्रभावित करने वाले परिबल के रूप में भूमिका व्यवहार और परस्पर अनुकूलन की चर्चा कीजिये ।

३. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिये : (कोई **चार**) १६

(१) वचनबद्धता V/s अलिप्तता
(२) दबाव के कारण
(३) अनुकूलन क्षमता में कमी
(४) विवाह करने के कारण के रूप में आर्थिक व्यवस्था
(५) विवाह की सफलता की भविष्यवाणी
(६) न्यूनतम अन्तरक्रियालक्षी विवाह

४. निम्नलिखित प्रश्नों के **एक** या **दो** वाक्यों में उत्तर दीजिये : १२

(१) आत्म-निर्देशन V/s बाह्य-निर्देशन के संघर्ष का अर्थ बताइये ।

(२) दबाव किसे कहते हैं ?

(३) मनोभार की अपेक्षा मनोभार की कठोरता को कैसे प्रभावित करती है ।

(४) अज्ञात मनोभार के पैटर्न क्या हैं ?

(५) विवाह द्वारा संतुष्ट की जाने वाली कोई दो मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं के नाम लिखिये ।

(६) गत्यात्मक मैत्रीयुक्त विवाह किसे कहते हैं ?

५. कोष्ठक में दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प पसंद करके रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये : १४

(१) व्यक्ति कई बार साधनों के अभाव के कारण ________ अनुभव करता है । (दबाव, हताशा)

(२) युवावस्था में जातीय इच्छा के विरूद्ध ________ का संघर्ष देखने को मिलता है । (आत्म संयम, अन्तर्दृष्टि)

(३) जब ट्रेन देरी से पहुँचे तब ________ कारणों के लिए हताशा का सामना करना पड़ता है । (बाह्य, आन्तरिक)

(४) ________ सिद्धियाँ प्राप्ति के लिए दबाव अपने समाज का एक सामान्य दबाव है । (स्पर्धात्मक, उच्च)

(५) आवश्यकताओं का महत्त्व, अवधि और ________ मनोभार की कठोरता को प्रभावित करते हैं । (अनेकता, स्थिरता)

(६) मनोभार की परिस्थिति में धमकी भी शामिल हो तो मनोभार की कठोरता ________ है । (घटती, बढ़ती)

(७) मनोभार के कारण हुई शारीरिक बीमारी को ________ बीमारी कहते हैं । (मनोदैहिक, मनोसामाजिक)

(८) दोनों संघर्षात्मक प्रेरक एक समान महत्त्व के हों तब मनोभार का अनुभव ________ होता है । (तीव्र, हल्का)

(९) जीवन साथी की पसंदगी करने में कौन से ________ अपनाने चाहिए ऐसी समझ प्रणय-निवेदन की अवधि दौरान प्राप्त होती है । (मानक, निर्णय)

(१०) आज के युग में, विवाह की सफलता का मूल्यांकन के लिए आर्थिक सुरक्षा की अपेक्षा ________ आवश्यकताओं के संतोष को अधिक महत्त्व दिया जाता है । (सामाजिक, व्यक्तिगत)

(११) उन्मुक्त दृष्टिकोण बढ़ने पर भी व्यक्ति ________ आवश्यकताओं की सन्तुष्टि के लिए विवाह करना अधिक पसंद करते हैं । (आर्थिक, जातीय)

(१२) ________ विवाह में अधिकतर झगड़े न होने पर भी ठंडा युद्ध चलता रहता है । (निम्नतम आंतरक्रियालक्षी, संघर्षलक्षी)

(१३) विवाह के अन्तर संबंध ________ होते हैं । (परिवर्तनशील, स्थिर)

(१४) पैकार्ड के मतानुसार सुखी वैवाहिक जीवन के लिए ________ परिपक्वता एक महत्त्वपूर्ण घटक है । (शारीरिक, आवेगात्मक)